
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

**पुण्यतिथि विशेष**

**15 मार्च 2025**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

**घर! यह शब्द दुनिया की हर बोली और भाषा में है और हर बोली और भाषा में यह शब्द सबसे खूबसूरत शब्द है।**

**राही मासूम रज़ा**

( साहित्यकार )

**जन्म: 01 सितंबर 1927 मृत्यु: 15 मार्च 1992**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The Change Makers
Email us : teachersofbihar@gmail.com

# दिवस ज्ञान

15 मार्च

Gyan Drishti
Diwas Gyan

विक्रम संवत् 2081, चैत्र माह, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा तिथि, शनिवार 15 मार्च 2025

संपादक – शशिधर उज्ज्वल मोबाइल न0– 7004859938 email : ujjawal.shashidhar007@gmail.com

## आज का विचार

"लोगों को अपने सपने मत बताओ, बस उन्हें पुरा करके दिखाओ, क्योंकि लोग सुनना कम देखना ज्यादा पसंद करते हैं।"

DIWAS GYAN

## आज के दिन

1877– मेलबर्न में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट क्रिकेट मैच शुरू हुआ था।

2009 – भारत की प्रथम महिला विमान चालक सरला ठकराल का निघन।

होली के त्यौहार की शुभकामनाएं!!

Happy Holi

1. **विश्व उपभोक्ता दिवस**– विश्व उपभोक्ता दिवस पहली बार 15 मार्च, 1983 ई. को मनाया गया था। यह दिन उपभोक्ता के मूल अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान करता है। किसी भी सामान को खरीदने पर रसीद जरूर लेना चाहिए। दूकानदार के खिलाफ वस्तु की गुणवत्ता, मात्रा, क्षमता, शुद्धता, स्तर, मूल्य जैसी किसी भी शिकायत को दर्ज करने के लिए उपभोक्ता फोरम बनाया गया है। 'जागो ग्राहक जागो।'
   - **संदर्भः सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक जीवन भाग–2 के बाजार** पाठ से जोड़कर बच्चों को बतायें।

2. **पेट्रोग्राद (वर्तमान नाम लेनिनग्राद) की क्रांति**– 7 मार्च, 1917 ई. को रूस में क्रांति का प्रथम विस्फोट हुआ। उस दिन पेट्रोग्राद में विद्रोहियों ने 'रोटी–रोटी' का नारा लगाते हुए सड़कों पर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। मजदूरों ने हड़ताल कर दी। वे विद्रोहियों से जा मिले। उन्होंने 'युद्ध बंद करो', 'निरंकुश शासन का नाश हो', 'रोटी दो' इत्यादि के नारे लगाने शुरू कर दिये। जार की सेना ने विद्रोहियों पर गोली चलाने से इंकार कर दिया। विवश होकर 15 मार्च 1917 ई. को जार ने गद्दी त्याग दिया। जार और उसके परिवार को कैद कर लिया गया। यह फरवरी की रूसी क्रांति थी। 15 मार्च 1917, की घटना को फरवरी क्रांति कहते हैं, क्योंकि पुराने रूसी कैलेण्डर के अनुसार 27 फरवरी, 1917 ई. को यह घटनाघटी थी।
   - संदर्भः NCERT की वर्ग नवम् की इतिहास की पाठ्यपुस्तक के अध्याय 2 **रूस की क्रांति** से जोडकर चर्चा करें।

3. **कोलंबस का स्पेन वापसी**– 15 मार्च, 1493 ई. को स्पेन का नाविक क्रिस्टोफर कोलंबस अमेरिकी द्वीप की खोज कर वापस स्पेन लौटा था। वहां उसका भव्य स्वागत हुआ। स्पेन के राजा ने उसे ढुंढे हुए दे"ाों का गर्वनर बना दिया। इसके बाद भी अपनी मौत से पहले तक कोलंबस ने तीन बार अमेरिकी द्वीपों की यात्रा की। अपने आखिरी वक्त तक उसे ये नहीं पता था कि उसने जिन इलाकों की खोज की है वो भारत नहीं बल्कि अमेरिकी द्वीप है। उसने 12 अक्टूबर, 1492 ई. को बहामास का सैन साल्वाडोर द्वीप को खोजा था। कोलंबस वहां 5 महीने रूका। इस दौरान उसने कई कैरिबियाई द्वीपों की खोज की, जिसमें क्यूबा, सैंट डोमिनगो शामिल थे। कोलंबस ने वहां से काफी धन इकट्ठा कर अपने 40 साथियों को वहीं छोड़कर वापस स्पेन आ गया।

- **क्या आप जानते हैं?**

15 मार्च, 1946 ई. को ब्रिटिश प्रधानमंत्री एटली द्वारा भारत को स्वतंत्र करने का आश्वासन दिया गया था।

# दिवस विशेष

15 मार्च

मधु प्रिया


## विश्व उपभोक्ता दिवस 15 मार्च




हर वर्ष 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जाता है। इस दिन उपभोक्ताओं को उनके कन्ज्यूमर राइट्स अथवा उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरुक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। विश्व उपभोक्ता अधिकार को मनाये जाने का उद्देश्य ग्राहकों को किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी से बचाना और उन्हें जागरुक बनाना है। हर उपभोक्ता को इस बात की भी जानकारी होनी चाहिए कि वह अगर किसी भी चीज पर खर्च करा रहा है, तो कहीं उसका नुकसान नहीं हो रहा है। भारत सरकार देश में ग्राहकों को जागरूक करने के लिए लंबे समय से 'जागो ग्राहक जागो' अभियान चला रही है।

इस प्रकार की समस्या से जुझते है ग्राहक अकसर देखा जाता है कि ग्राहकों को जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावट, नापतोल में गड़बड़ी, मनमाने दाम वसूलना, बगैर मानक वस्तुओं की बिक्री, ठगी, सामान की बिक्री के बाद गारंटी अथवा वारंटी के बावजूद सेवा प्रदान नहीं करना जैसी ढेरों समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसी ही समस्याओं से उन्हें निजात दिलाने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। वर्ल्ड कंज्यूमर राइट्स डे के मौके पर कस्टमर्स को उनकी शक्तियों और अधिकारों के बारे में जागरूक किया जाता है।15 मार्च 2022 को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जायेगा। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन नई दिल्ली में किया जा रहा है और इस वर्ष की विषयवस्तु "न्यायसंगत डिजिटल फाइनेंस" है।

# पुण्यतिथि विशेष 15 मार्च




**राही मासूम रज़ा** *Rahi Masoom Raza*, जन्म: 1 सितंबर, 1927, ग़ाज़ीपुर; निधन: 15 मार्च, 1992, मुंबई) बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी एवं प्रसिद्ध साहित्यकार थे। बी. आर. चोपड़ा द्वारा निर्मित प्रसिद्ध टीवी सीरियल **महाभारत** की पटकथा भी उन्होंने लिखी थी और 1979 में 'मैं तुलसी तेरे आँगन की' फ़िल्म के लिए **फ़िल्म फ़ेयर सर्वश्रेष्ठ संवाद पुरस्कार** भी जीता।

# होली से जुड़े तथ्य!

**उत्पत्ति:**

होली की उत्पत्ति हिंदू कैलेंडर के अनुसार सर्दियों की आखिरी पूर्णिमा को मनाई जाती है.



**पौराणिक कथा:**

प्रह्लाद, जो भगवान विष्णु का भक्त था, को उसके पिता, हिरण्यकश्यप, ने मारने की कोशिश की, लेकिन प्रह्लाद की बहन होलिका ने उसे आग में डालकर मारने की योजना बनाई, लेकिन प्रह्लाद बच गया और होलिका जल गई, जिससे बुराई पर अच्छाई की जीत हुई.



**होलिका दहन:**

होली से एक दिन पहले होलिका दहन किया जाता है, जहाँ लोग होलिका की मूर्ति जलाते हैं, जो बुराई के प्रतीक के रूप में होती है.



**रंगों का खेल:**

होली के दिन लोग एक दूसरे पर रंग और गुलाल लगाते हैं, जो खुशी और आनंद का प्रतीक है.




**ब्रज की होली:**

उत्तर भारत के मथुरा में लोग होली को हिंदू भगवान कृष्ण और उनकी प्रेमिका राधा के बीच प्रेम के उत्सव के रूप में मनाते हैं.




**अन्य मान्यताएँ:**

कुछ क्षेत्रों में होली का त्यौहार ठंड के मौसम के खत्म होने और गर्म मौसम के आगमन का संकेत देता है.

विज्ञान कॉर्नर

# विभिन्न तत्वों से परिचय

रसायनविज्ञान

वर्ग - 9-10

## तत्व (Element)

### सैमेरियम(Samarium)

(लैंथेनाइड सीरीज तत्व)

संकेत - (symbol) **Sm**

परमाणु संख्या (Atomic no.) -62

समूह -f block group

परमाणु भार (A.weight) -150.36


आवर्त (period)-6

ब्लाक (block)-f

संयोजकता (valancy)-3

समस्थानिक (isotope)-5

इलेक्ट्रॉनिक विन्यास -[Xe]$4f^6 6s^2$




**खोज**

1879,पॉल एमिल

**भौतिक गुण**

चांदी सफेद, दुर्लभ मृदा धातु

**रासायनिक गुण**

शक्तिशाली अपचायक

**उपयोग**

चुंबक, लेजर, परमाणु रिएक्टर अवशोषक, इलेक्ट्रॉनिक्स

Anu priya

# वैज्ञानिक कारण

SCIENCE

## गर्मी में टेलीफोन के तार ढीले पड़ जाते हैं क्यों?

गर्मी में वातावरण का ताप बढ़ जाने के कारण तार की लंबाई बढ जाती है।अतः गर्मी के दिनों में टेलीफोन के तार ढीले पड़ जाते हैं।



Madhu priya

# बिहार दिवस विशेष

15 मार्च

## आइए, अपने बिहार को जाने !

**01 मार्च से 22 मार्च**



नीतीश कुमार
बिहार के मुख्यमंत्री






आरिफ़ मोहम्मद ख़ान
बिहार के राज्यपाल

## 27 राजगीर अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर

राजगीर अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर **90** एकड़ में फैला है और इसे **₹740** करोड़ के निवेश से बनाया गया है। **24** खेल विधाओं के लिए प्रशिक्षण सुविधाओं के साथ, परिसर को एक ही परिसर में आवास, प्रशिक्षण और चिकित्सा सेवाओं सहित व्यापक सुविधाएँ प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह रणनीतिक दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है कि एथलीटों के पास अपने संबंधित खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक सभी चीजें हों। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने **29** अगस्त **2024** को किया।

राकेश कुमार

# TOB खेल कॉर्नर

## शुभमन गिल ICC प्लेयर ऑफ द मंथ बने:

## तीसरी बार अवॉर्ड हासिल किया; ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ को पीछे छोड़ा




भारतीय ओपनर शुभमन गिल को ICC प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड मिला है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स को पीछे छोड़कर यह अवॉर्ड हासिल किया। गिल का यह तीसरा प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड है, इससे पहले 2023 में उन्होंने जनवरी और सितंबर में इसे जीता था।



राकेश कुमार

Teachers of Bihar

The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 15.03.2025

## संवाद लेखन

संवाद लेखन, जिसे वार्तालाप लेखन भी कहते हैं, दो या अधिक व्यक्तियों के बीच होने वाली बातचीत को लिखित रूप में प्रस्तुत करने की कला है, जो पत्र-लेखन, पत्रिका लेखन और नाटकों में विशेष रूप से प्रयुक्त होती है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**रोशनी नादर मल्होत्रा** भारत की तीसरी सबसे अमीर व्यक्ति और देश की सबसे **अमीर महिला** बन गई हैं। उन्हें **एचसीएल कॉर्पोरेशन** और वामा सुंदरी इन्वेस्टमेंट्स में अपने पिता **शिव नादर** की 47% हिस्सेदारी मिली है।

# TEACHERS OF BIHAR

*Presents*

# CYBERमंत्र

## साईबर शिक्षा से साईबर सुरक्षा





अपने अलावा किसी अन्य ई-मेल खाते में लॉग इन न करें, भले ही ऐसा करने का अनुरोध किया गया हो।



शिकायत हेतु : https://cybercrime.gov.in

विद्यालयी प्रणाली हेतु दिशानिर्देश: https://ciet.nic.in/pages.php?id=booklet-on-cyber-safetysecurity&ln=en&ln=en

Madhu priya

# ToB बूझो तो जानें..



497

उड़ नहीं सकती मैं वायु में, चल नहीं पाती सड़कों पर
लेकिन लाखों पर्यटकों को, पहुँचाती हूँ इधर-उधर
.... बुझो तो जानें ?



www.teachersofbihar.org

संजय कुमार


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
15 मार्च
विश्व उपभोक्ता दिवस
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


Teachers
Of
Bihar
होली की हार्दिक
शुभकामनाएं